75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
“आजादी का अमृत महोत्सव” का आयोजन

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में 75 वॉ स्वतंत्रता दिवस “आजादी का अमृत महोत्सव” पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 9:00 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 डी0आर0 सिंह द्वारा मुख्य भवन पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति द्वारा सर्वप्रथम अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात कुलपति ने उपस्थित कृषकों एवं विश्वविद्यालय परिवार को अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद सपूतों को नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों की वजह से ही आज इस दिन को इतने धूमधाम से मना रहे हैं। अपने सम्बोधन में कुलपति ने कार्यक्रम में पधारे कृषकों, कृषक महिलाओं, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं अन्य जनसामान्य को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए आवाहन किया कि सभी लोग एक सप्ताह देश के नाम पर समर्पित कर खाली स्थानों पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वाधीनता के बाद खाद्यानों में 5 गुना, उद्यानकी फसलों मं 9 गुना, मछली में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना की वृद्धि हासिल की जा चुकी है। इसे अभी और आगे ले जाना है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अबतक 295 से अधिक विभिन्न फसलों की प्रजातियों का विकास किया गया है जो किसानों की आय बढ़ाने में उपयोगी साबित हो रही हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति के सम्बोधन के पश्चात विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

- कुलपति डा0 डी0आर0 सिंह द्वारा विश्वविद्यालय में 32 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। नव नियुक्त कर्मचारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुये पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ कर्तव्य पालन करने का सन्देश दिया।
- कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों/वैज्ञानिकों तथा कर्मचारियों को अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। जिससे अन्य लोगों में भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा जाग्रत हो।
- कुलपति ने 11 प्रगतिशील कृषकों को वर्ष 2017 की तुलना में अपनी आय 2 गुना करने पर सम्मानित किया।
- ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात उद्यान विज्ञान विभाग में एक सप्ताह देश के नाम कार्यक्रम में 75 आम्रपाली पौधों को रोपड़ किया गया। इस अवसर पर कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों/वैज्ञानिकों के साथ उद्यान विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त अध्यापकों ने भी भाग लिया।

15
अगस्त
2021
75
आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम
का सम्मान
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

15
अगस्त
2021
75
का सम्मान